भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

नागर विमानन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन

नई दिल्ली, 21 जून 2025: नागर विमानन मंत्रालय व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन विमानन उद्यान, राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली में किया गया। इस वर्ष का थीम: **"एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग"** था। इस अवसर पर योग के माध्यम से स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को प्रतिबिंबित करते हुए नागर विमानन मंत्रालय व भाविप्रा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

श्री राममोहन नायडू किंजरापु माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा ने वर्चुअल माध्यम से उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए योग को दैनिक जीवन में शामिल करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि योग प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रतीक है जो शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। उन्होने इस पहल की सराहना की और सभी से बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से योग करने की अपील की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसे नागर विमानन मंत्रालय के सचिव श्री समीर कुमार सिन्हा, श्री विपिन कुमार, अध्यक्ष, भाविप्रा तथा भाविप्रा के बोर्ड सदस्य और मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा किया गया। श्री सिन्हा द्वारा अपने संबोधन में मंत्रालय और भाविप्रा की अपने कर्मियों के बीच समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया और सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

तत्पश्चात् मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के योग प्रशिक्षकों द्वारा सामान्य योग प्रोटोकॉल सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया, जिससे सामूहिक शांति और आत्मचिंतन का वातावरण बना।

नागर विमानन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के साथ-साथ विमानन क्षेत्र में स्वास्थ्य, एकता और तनाव-मुक्त वातावरण को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: निगमित संचार निदेशालय 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 08/2025-2026